महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2026 / 1129 दिनांकः–09.07.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– **नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित स्नातकोत्तर स्तर पर (एम0ए0, एम0एस0सी0, एम0काम0, एम0एस0सी0 (गृहविज्ञान) पाठ्यक्रमों के द्वितीय, एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025–26 की बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा समर्थ पोर्टल / विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना हे कि नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित स्नातकोत्तर स्तर पर (एम0ए0, एम0एस0सी0, एम0काम0, एम0एस0सी0 (गृहविज्ञान) पाठ्यक्रमों के द्वितीय, एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025–26 की बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु तिथि **10 जुलाई, 2026** तक विस्तारित की जाती है। सभी सम्बन्धित महाविद्यालय इस मध्य बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न करा लें। दिनॉक **10 जुलाई, 2026** के पश्चात् किसी भी दशा में अंक स्वीकार नहीं किये जायेगें तथा ऐसे महाविद्यालय जो इस मध्य अंक अपलोड नहीं करते हैं उनका परीक्षाफल घोषित करना संभव नहीं होगा तथा इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा। सूच्य उपरोक्त तिथि के पश्चात बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा कराकर अंकपर्ण उपलब्ध कराने वाले महाविद्यालयों पर विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। शेष नियम पूर्ववत् रहेगें।

आपसे अनुरोध है कि कृपया प्राथमिकयता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रमों के प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के अंक निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें, ताकि परीक्षाफल घोषित किये जाने के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

**<u>नोट–सूच्य हो कि</u>**

1. द्वितीय सेमेस्टर 2026 मुख्य परीक्षा के प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्व की भांति ही संपन्न कराई जाएगी जिसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से ही वाह्य और आंतरिक परीक्षक नियुक्त किए जाएंगे एवं उनके अंक एम.जे.पी.आर.यू. आई.यू.एम.एस. की वेबसाइट पर अपलोड करके उसका प्रिंट आउट निकालकर वाह्य और आंतरिक परीक्षा से साइन करवाए जाएंगे।
2. संपन्न करवाई गई प्रयोगात्मक परीक्षाओं के वाह्य एवं आंतरिक अंक, थ्योरीवोकेशनल, मेजर–माइनर विषयों के आंतरिक अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड होने हैं इसके लिए प्रिंसिपल लॉगिन आईडी का उपयोग करते हुए संलग्न फ्लो चार्ट के अनुरूप अंक अपलोड करने होंगे।
3. कोई भी महाविद्यालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से एड इवेलुएटर एवं ऐड इवेलुएटर कंपोनेंट वाइज (Add evaluator/add evaluator component wise) ऑप्शन का उपयोग नहीं करेगा, ना ही महाविद्यालयों को इवेलुएटर असाइन करने का अधिकार दिया गया है।
4. उक्त प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया इस नंबर पर संपर्क करें।

नोट– **आपसे अनुरोध है कि कृपया बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के अंक समर्थ / विश्वविद्यालय पोर्टल पर सावधानीपूर्वक अपलोड करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आप स्वयं उत्तरदायी होगें।**

भवदीय
09.07.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
2. मीडिया प्रभारी।
3. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
6. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
7. वै0 सहायक, कुलसचिव।

09.07.26
परीक्षा नियंत्रक